भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2316

06 अगस्त, 2024 को उत्तरार्थ

विषय: मानसूनी वर्षा में विलंब

2316. डॉ. राजेश मिश्राः

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार को मध्य प्रदेश राज्य की ओर से राज्य में खरीफ फसलों के लिए मानसून की वर्षा में हुई देरी के संबंध में कोई रिपोर्ट प्राप्त हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या केंद्र सरकार वर्तमान खरीफ के मौसम के दौरान किसानों को खाद की आसान और पर्याप्त उपलब्धता कराने हेतु राज्य सरकार के समन्वय से नए उर्वरक वितरक खोलने की योजना बना रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) और (ख) : केन्द्र सरकार को मध्य प्रदेश राज्य से राज्य में खरीफ फसलों के लिए मानसून की वर्षा में विलंब के संबंध में कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।

(ग) से (घ) : भारत सरकार ने दिनांक 24 अगस्त, 2022 की अपनी अधिसूचना के माध्यम से मौजूदा गांव, ब्लॉक/उपजिला/तालुक और जिला-स्तरीय उर्वरक खुदरा दुकानों को प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) नामक आदर्श उर्वरक खुदरा दुकानों में बदलने का निर्णय लिया है। ये पीएमकेएसके किसानों के लिए बीज, उर्वरक, कीटनाशक आदि जैसे कई उत्पादों के लिए वन-स्टॉप-शॉप के रूप में कार्य करते हैं और कृषि क्षेत्र से संबंधित कई सेवाएं जैसे उर्वरक/बीज/मृदा परीक्षण, ड्रोन और अन्य कृषि उपकरण भी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराते हैं।

*****